दिन– गुरूवार | दिनांक– 26 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – नरेंद्र मोदी सरकार भारतीय भूमि से हर घुसपैठिए को बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

02 निर्वाचन आयोग ने बिहार समेत दस राज्यों में होने वाले राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की। महागठबंधन भी उतारेगा अपना उम्मीदवार।

03. वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने आज नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, सीएजी की रिपोर्ट विधानमंडल में प्रस्तुत की।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट में आज भारत और जिम्बाब्वे के बीच चेन्नई में खेला जा रहा है मुकाबला।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार भारतीय भूमि से हर घुसपैठिए को बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने अररिया में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि घुसपैठियों से मुक्ति केवल मतदाता सूचियों से नाम हटाने तक सीमित नहीं होगी, बल्कि इसमें देश से अवैध घुसपैठ को समाप्त करने के लिए एक व्यापक अभियान शामिल होगा।

–––बाइट–––

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र में जल्द ही एक लक्षित पहल शुरू की जाएगी।

–––बाइट–––

इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल एसएसबी से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का लोकर्पण करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत–नेपाल सीमा सड़क योजना का काम जल्द पूरा किया जाएगा। इससे एसएसबी की निगरानी क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी।

–––बाइट–––

हमारे अररिया संवाददाता ने बताया है कि केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने सिकटी प्रखंड के भारत–नेपाल सीमा के भारतीय क्षेत्र स्थित लेटी एसएसबी बीओपी में एसएसबी प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया। गृह मंत्री ने समाहरणालय के प्रमाण सभाागार में

एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में सभी सात सीमावर्ती जिलों के वरीय अधिकारी शामिल हुए। श्री शाह आज पूर्णिया जायेंगे। जहां वे कई कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---

बिहार के पांच समेत दस राज्यों में राज्यसभा की सैंतीस सीटों के चुनाव की अधिसूचना आज जारी कर दी गयी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। नामांकन की अंतिम तिथि पांच मार्च निर्धारित है। वहीं, प्रत्याशी नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। सोलह मार्च को मतदान कराया जाएगा। गौरतलब है कि नौ अप्रैल को राज्य के पांच सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इनमें जदयू कोटे के सांसद और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, राजद के प्रेमचंद गुप्ता और अमरेन्द्रधारी सिंह तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं।

---

महागठबंधन ने राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने का निर्णय किया है। राजद के कार्यकारी अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि महागठबंधन पूरी शक्ति से चुनाव लड़ेगा। पटना में आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए श्री यादव ने महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत का भरोसा भी जताया।

———बाइट———

---

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के अठारहवें दिन आज विधानसभा में प्रश्नोत्तरकाल की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। जदयू के मंजीत कुमार सिंह के एक सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में हरित आवरण बढ़ाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में जापानी विधि से वनों का विकास तेजी से किया जा रहा है। इधर, भोजनावकाश के बाद सदन ने बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड संशोधन विधेयक, बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक और बिहार सूक्ष्म वित्त संस्थाए विधेयक समेत छह प्रमुख विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिये।

---

बिहार विधानसभा के चालू सत्र में आज वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, सीएजी की रिपोर्ट विधानमंडल में प्रस्तुत की। सीएजी की रिपोर्ट में विभिन्न विभागों के वित्तीय खर्चे का ब्योरा प्रस्तुत किया गया है। सीएजी की रिपोर्ट में वर्ष दो हजार बाईस–तेईस का निष्पादन और अनुपालन लेखा परीक्षा और वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस सिविल एवं वाणीज्यिक, अनुपालन लेखा परीक्षा–सिविल के निष्पदान शामिल हैं। चार अलग–अलग खंडों में प्रस्तुत सीएजी रिपोर्ट में कई विभागों में अनियमितता की बात भी सामने आई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सीएजी रिपोर्ट पर विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि सरकारी खजाने में बड़े पैमाने पर अनियमितता हुई है।

---

इधर, विधान परिषद की कार्यवाही आज शराबबंदी के मुद्दे पर हंगामे के बीच चली। जदयू के नीरज कुमार ने कहा कि राज्य में शराबबंदी सख्ती से लागू है। उन्होंने राजद के सुनील कुमार सिंह पर गलत बयानी का आरोप लगाते हुए कहा कि सदन में शराबबंदी की प्रतिज्ञा लेने के बाद शराब मंगाने जैसी बात कहना गंभीर मामला है। उन्होंने चुनौती दी कि वो शराब उपलब्ध होने का प्रमाण प्रस्तुत करें। हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि केवल आरोप लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा।

–––बाइट–––

---

संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया को भारत रत्न दिये जाने की अनुशंसा राज्य सरकार दो हजार उन्नीस से कई बार कर चुकी है। श्री चौधरी ने विधान परिषद में पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह के प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।

---

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने आज सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरकार के सात निश्चय–तीन के तहत रैयाम और सकरी चीनी मिल को पुननिर्माण कार्य प्रगति पर है। वर्ष दो हजार अट्ठाईस में इन दोनों चीनी मिलों को चालू कर दिया जाएगा। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पैक्सो और व्यापार मंडलों में गोदाम निर्माण का कार्य कराया जा चुका है। इससे अतरिक्त भंडारण क्षमता का

सृजन होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने सब्जी फेडरेशन, मधुमक्खी पालन और बुनकर सहकारी समितियों को सक्रिय बनाने का सुझाव दिया।

---

बिहार विधानसभा की कार्यवाही देखने आज एस. आर. हाई स्कूल, खगड़िया के छात्र विधानसभा पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने छात्रों के साथ ग्रुप फोटोग्राफी कराकर उनका मनोबल बढ़ाया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी पहल से छात्रों में संसदीय परंपरा की बेहतर समझ विकसित होगी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर दस करोड़ फॉलोअर्स का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही वे इस मंच पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले विश्व नेता और राजनेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी दो हजार चौदह में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से दोगुनी से भी अधिक है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप चार करोड़ बत्तीस लाख फॉलोअर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए प्रचार का शोर आज थम गया। प्रचार के अंतिम दिन सेंट्रल पैनल के उम्मीदवारों ने अलग–अलग कॉलेजों में चुनाव प्रचार किये। इससे पहले, पटना साईंस कॉलेज में अध्यक्षीय पैनल के प्रत्याशियों के बीच प्रेसिडेंशिएल डिवेट हुई। अट्ठाईस फरवरी को मतदान होगा और उसी दिन मतों की गिनती की जाएगी।

---

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने आज बेगूसराय के समाहरणालय परिसर में आयोजित जनसुवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये हैं। श्रीमती ममता ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनकी शिक्षा पर सबसे अधिक जोर दिया जाना चाहिए।

–––बाइट–––

---

आगामी तीन मार्च को देश के अधिकांश भागों में पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार ये चंद्र ग्रहण बिहार समेत देश के अधिकांश भागों में पूरे समय तक देखा जा सकेगा। विभाग ने बताया है कि चंद्र ग्रहण भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजकर बीस मिनट पर शुरू होकर संध्या छह बजकर अड़तालीस मिनट तक रहेगा। चंद्र ग्रहण पूर्णिमा को घटित होता है, जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और ये तीनों एक सीधी रेखा में अवस्थित हो जाते हैं।

---

गोपालगंज जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ थावे दुर्गा मंदिर से चोरी हुए आभूषण और मुकुट आज मंदिर प्रबंधन को सौंप दिये गये। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने बताया कि न्यायालय के रिलीज ऑडर के बाद सभी आभूषण मंदिन प्रबंधन को सौंप दिया गया है। पिछले दिनों इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने चोरी के सामान बरामद किये थे।

———बाइट———

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सुपर–एट मुकाबले में आज भारत का सामना जिम्बाब्वे से हो रहा है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भारत को यह मैच जीतना जरूरी है। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। ताजा जानकारी के अनुसार भारत ने सात दशमलव दो ओवर में एक विकेट के नुकसान पर छियासी रन बना लिये हैं। इस समय ईशान किशन और अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी कर रहे हैं।

वहीं, आज खेले गए एक अन्य मैच में दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हरा दिया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर एक सौ छिहत्तर रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने सोलह दशमलव एक ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

---

सीवान शहर मं सात चिन्हित स्थानों पर आज भूकंप आधारित एक मेगा मॉक ड्रील का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के नेतृत्व में आयोजित ड्रील के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखा गया।

शेखपुरा जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत हथियावां उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस सप्ताह के तहत पेंटिंग, रंगोली, वाद–विवाद और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – नरेंद्र मोदी सरकार भारतीय भूमि से हर घुसपैठिए को बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

02 निर्वाचन आयोग ने बिहार समेत दस राज्यों में होने वाले राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की। महागठबंधन भी उतारेगा अपना उम्मीदवार।

03. वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने आज नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, सीएजी की रिपोर्ट विधानमंडल में प्रस्तुत की।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट में आज भारत और जिम्बाब्वे के बीच चेन्नई में खेला जा रहा है मुकाबला।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।